# श्री एम आर डी आर्ट्सएण्ड कॉमर्स कॉलेज, चीख़ली

डॉ. रियाज़ ताई

## हिन्दी विभाग

*प्रश्न पत्र २१ हिन्दी व्याकरण (टी. बी. ए. – सेमेस्टर – ६ )*

*विषय/ शब्द : परिभाषा एवं प्रकार*

***परिभाषा*** भाषा की न्यूनतम इकाई वाक्य है । और वाक्य की न्यूनतम इकाई शब्द है । वर्णों का ऐसा समूह जिसका कोई।अर्थ हो, शब्द कहलाता है, जैसे पुस्तक ।

- अर्थ की दृष्टि से शब्द के भेद*
- १- सार्थक २ – निरर्थक ।
- *सार्थक वे शब्द है, जिनका कोई अर्थ होता है । जैसे – गाय
- * निरर्थक वे शब्द है, जिनका कोई अर्थ न हो । जैसे – लमक

- *व्युत्पत्ति के आधार पर शब्द भेद *
- बनावट के आधार पर शब्द के तीन भेद हैं। १. रूढ़ २. यौगिक ३ . योगरूढ़ ।

*१.- रूढ़ शब्द – जो शब्द अन्य शब्दों के योग से न बने हो और किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हो, तथा जिनके टुकड़ों का कोई अर्थ नहीं होता, वे रूढ़ शब्द कहलाते है । जैसे – कल , जल ।

२ – यौगिक शब्द : जो शब्द कई सार्थक शब्दों के मेल से बने हो, वे यौगिक कहलाते हैं । जैसे – देवालय= देव+आलय, राजपुरुष= राज +पुरूष।आदि । ये शब्द दो सार्थक शब्दों के मेल से बने है ।

- **३ – योगरूढ़ शब्द** :: वे शब्द जो यौगिक  तो है , परन्तु सामान्य अर्थ  को  प्रकट न करके किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते है , योगरूढ़ कहलाते है । जैसे – पंकज= पंक+ज ( कीचड़ मे उत्पन्न होनेवाला )  सामान्य अर्थ में प्रचलित न होकर कमल के अर्थ में रूढ़ हो गया है । अतः पंकज शब्द योगरूढ़  है ।
- पार्ट – १ पूर्ण